अति तत्काल
आर टी आई मामला

संख्या 14036/516/2013-यू टी पी
भारत सरकार
गृह मंत्रालय

नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली,
दिनांक : 1st अगस्त, 2013

सेवा में

श्री आर.पी. दलित,
निवासी 3/216, दक्षिणपुरी,
नई दिल्ली-110062

विषय: सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत आपका दिनांक 2.7.2013 का आवेदन।

महोदय,

मुझे सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत किए गए आपके ऊपर उल्लिखित आर टी आई आवेदन (इस अनुभाग में दिनांक 31.7.2013 को प्राप्त) का हवाला देने का निदेश हुआ है।

2. इस संबंध में, यह सूचित किया जाता है कि आपकी शिकायत को इस मंत्रालय के दिनांक 08.05.2013 के पत्र सं. 14036/10/2013-यू टी पी के तहत पहले ही दिल्ली पुलिस को अग्रेषित कर दिया गया है और अत:, आपके आर टी आई आवेदन को भी सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3) के तहत दिल्ली पुलिस को अंतरित किया जा रहा है ताकि वे इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई कर सकें।

3. इस उत्तर के संबंध में गृह मंत्रालय में अपील प्राधिकारी का नाम एवं पदनाम श्री के.के. पाठक, संयुक्त सचिव (यू टी), गृह मंत्रालय, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली है।

भवदीया,

एस. सुधा

(एस. सुधा)
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी एवं
अवर सचिव (डी पी-II)
दूरभाष : 23092856

O/C

प्रतिलिपि प्रेषित:

1. पुलिस उपायुक्त, लोक सूचना अधिकारी, पुलिस मुख्यालय, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली- आर टी आई आवेदन की एक प्रति इस अनुरोध सहित संलग्न है कि अपेक्षित सूचना सीधे आवेदक को मुहैया करवाई जाए। आवेदक ने अपेक्षित शुल्क इस मंत्रालय में जमा करवा दिया है।

Issued with Encl
2033
1/8